निबंधन और शर्तें

परामर्शदाता (कानूनी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पदों के लिए पूर्णत: तदर्थ आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

कार्य के विवरण:

क) शपथ-पत्र, आवेदन, विशेष छुट्टी आवेदन तथा विभिन्न न्यायालय मामलों में हस्तांतरण याचिका बनाना तथा आरटीआई आवेदनों, सीआईसी अपीलों, संसदीय प्रश्नों के उत्तर देना।

ख) संबंधित मामलों के प्रबंधन हेतु कार्यक्रम के राष्ट्रीयप्रकोष्ठ को सहायता प्रदान करना।

ग) नीति निर्माण/राजपत्र अधिसूचना तथा संशोधन विधेयक में सहायता प्रदान करना।

घ) केन्द्र सरकार स्थाई परिषद,वरिष्ठ केन्द्र सरकार स्थाई परिषद,सहायक सोलिस्टर जनरल आदि को मामलों के विषय में संक्षिप्त विवरण देने में सहायता प्रदान करना तथा सभी कानूनी विषयों तथा न्यायिक मामलों की संक्रीर्णता से निगरानी करना।

ङ) भारत के उच्च्तम न्यायालय तथा भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों की सुनवाई के लिए न्यायालय जाना तथा शपथ पत्र/आवेदन भरने में सहायता प्रदान करना।

च) भारत के उच्चतम न्यायालय तथा भारत के विभिन्न उच्च न्यायालयों में सुनवाई के दौरान सरकारी परिषद की सहायता प्रदान करना।

छ) सभी मामालों के अनुपालन को सुनिश्चित करना, न्यायालय में मामलों की सुनवाई संबंधी कार्य तथा समय पर तथा प्रभावी कार्रवाई को सुनिश्चित करने हेतु न्यायालय सुनवाईका पता लगाना।

ज) कानून से संबंधित प्रचलित कानून/सवालों पर अनुसंधान करना।

झ) वर्तमानकानून के उल्लंघन की सूचना एकत्रित करना तथा इसकी रिपोर्ट करना।

ञ) पर्यवेक्षक/फोकल बिन्दुओं द्वारा सौंपे गए किसी जिम्मेदारी अथवा कार्य को पूरा करना।

योग्यता:

अनिवार्य:

क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक डिग्री।

ख) उच्च न्यायालय/उच्चतम न्यायालय में केस लड़ने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

वाछंनीय:

क) शपथ-पत्र, आवेदन, विशेष छुट्टी याचिका, हस्तांतरण याचिका तथा संक्षिप्त विवरण बनाने तथा परामर्श देने का अनुभव तथा कानूनी मामलों में परामर्श देने में निपुण।

ज्ञान तथा कौशल:

क) एक बहुविषयक पर्यावरण में सामजस्य क्या उत्पादकता के साथ कार्य करने की क्षमता।

ख) केन्द्र और राज्य सरकार तथा अन्य स्टेक होल्डर के संपर्क में संगठन का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता।

ग) प्रभावी संप्रेषण तथा समस्या समाधान कौशल सहित कानूनी मामलों की जांच/निरीक्षण तथा दिशा-निर्देश देने।

घ) कार्यान्वयन करने वाले नवप्रवर्तक विचारों की तथा दिन-प्रतिदिन के कार्य प्रणाली की योजनाओं का ट्रेक रिकॉर्ड।

ङ) व्यापक स्तर पर यात्रा करने की इच्छा तथा योग्यता।

च) संसाधनों की कमी के वातावरण में काम करने की योग्यता सहित पारस्परिक कौशल तथा प्रबंधन कौशल।

छ) एमएस-ऑफिस/इंटरनेट की अच्छी जानकारी।

ज) अंग्रेजी तथा हिंदी दोनों भाषाओं के लिखित तथा मौखिक रूप दोनों रूपों की अच्छी जानकारी।

पदों की सं.: एक

आयु: आवेदन की अंतिम तिथि पर अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष।

पारिश्रमिक: 1,00,000/-रु. प्रतिमाह/वर्तमान सरकारी नियमों के अनुसार कार्यालय दौरों हेतु टीए/डीए।

संविदा की तिथि: एक वर्ष तक तथा वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन के आधार पर पारिश्रमिक में 5 प्रतिशत वृद्धि के साथ समय-सीमा को बढ़ाया जा सकता है।

स्थान: नई दिल्ली।

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **14-Nov-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर केवल ntcp.recruitments@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।